TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

विश्व शिक्षक दिवस विशेष

**05 अक्टूबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**शिक्षण एक बहुत ही महान पेशा है जो किसी व्यक्ति के चरित्र, क्षमता और भविष्य को आकार देता है अगर लोग मुझे अच्छे शिक्षक के रूप में याद रखेंगे तो यह मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा।**

**एपीजे अब्दुल कलाम**




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
5 अक्टूबर

मधु प्रिया

# विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर




वर्ल्ड टीचर्स डे, जिसे अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 5 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के उनके छात्रों के लिए योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन, कई लोग एक साथ आते हैं और वैश्विक स्तर पर शिक्षकों द्वारा महसूस की जा रही समस्याओं की पहचान करने और उन मुद्दों का समाधान खोजने के लिए बैठकें, सम्मेलन और इस तरह का आयोजन करते हैं। विश्व शिक्षक दिवस के लिए इस वर्ष थीम है। 'शिक्षा का परिवर्तन शिक्षकों से शुरू होता है.'। 5 अक्टूबर 1994 को यूनेस्को की रिकमेंडेशंस को मान्यता दी थीं। जिसके बाद इस दिन को विश्व शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया गया। यह यूनेस्को द्वारा पेरिस में आयोजित इंटर-गवर्नमेंटल सम्मेलन का एक हिस्सा था, जिसने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन  के सहयोग से शिक्षकों की स्थिति को मान्यता दी। इन रिकमेंडेशंस को अपनाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन ने 5 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दे दी। यूनेस्को के अनुसार, पांच अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस घोषित करके वे विश्वभर के तमाम शिक्षकों को उनके द्वारा शिक्षा और विकास के क्षेत्र में दिए जा रहे अहम योगदान को लोगों को याद दिलाना है। इसके साथ ही आम लोगों को शिक्षकों के बारे में और अधिक समझने के लिए ही इस विशेष दिन को बनाया गया है। 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की ,उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है , जिसमें अध्यापकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे। अतः इसे 1994 के बाद से प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है और इस प्रकार वर्ष 2023 में यह 29 वाँ विश्व शिक्षक दिवस मनेगा।

Teachers of Bihar

The change makers

# जयंती विशेष 05 अक्टूबर




**रानी दुर्गावती** *Rani Durgawati*, जन्म: 5 अक्टूबर, 1524 - मृत्यु: 24 जून, 1564) गोंडवाना की शासक थीं, जो भारतीय इतिहास की सर्वाधिक प्रसिद्ध रानियों में गिनी जाती हैं। दुर्गावती ने 16 वर्ष तक जिस कुशलता से राज संभाला, उसकी प्रशस्ति इतिहासकारों ने की है। आइना-ए-अकबरी में अबुल फ़ज़ल ने लिखा है- "दुर्गावती के शासनकाल में गोंडवाना इतना सुव्यवस्थित और समृद्ध था कि प्रजा लगान की अदायगी स्वर्णमुद्राओं और हाथियों से करती थी।"

# MATH TLM

Class-6to8

49

## महत्वपूर्ण सूत्र (ब्याज)

- ब्याज= मिश्रधन - मूलधन

जैसे -मिश्रधन=6900रू,
मूलधन=6000रू ब्याज=?

हलः- ब्याज = 6900-6000
=900रू

Anu Priya, Science Teacher







TOB
खेल कॉर्नर

# भारतीय पेसर द्वारा घर पर सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट



जसप्रीत बुमराह
**24**
इनिंग



जवागल श्रीनाथ
**24**
इनिंग



कपिल देव
**25**
इनिंग



इशांत शर्मा
**27**
इनिंग




मोहम्मद शमी
**27**
इनिंग

# Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश




विश्व शिक्षक दिवस **5** अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन अध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल **1966** में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की, उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है, जिसमें अध्यापकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार **बेंगलुरु** दुनिया का तीसरा सबसे खराब शहर है। **ट्रैफिक जाम** के मामले में, यहाँ लोग हर साल औसतन **130 घंटे** से अधिक सड़कों पर फंसे रहते हैं। इसके अलावा, **पानी की कमी** और खराब सड़कें इस शहर को और **मुश्किल** बना रही हैं।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### ब्लू बेरी



मुझमें कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस ,पोटेशियम विटामिन सी, के और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है ।

Anu priya

# पद्य पंकज

"

देखो, आहिस्ता चलो, और भी आहिस्ता जरा
देखना, सोच-सँभल कर जरा पाँव रखना
जोर से बज न उठे पैरों की आवाज कहीं
काँच के ख्वाब हैं बिखरे हुए तन्हाई में
ख्वाब टूटे न कोई, जाग न जाये देखो
जाग जायेगा कोई ख्वाब तो मर जायेगा ।
जुलाहे..

---

**गुलजार साहब**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

TEACHERS
OF
BIHAR

# आओं सीखें

## आशा

यह मन की एक सकारात्मक भावना होती हैं । इसमें अनिश्चितता होती है, बस अच्छा होने की उम्मीद रहती है।यह किसी से बंधी नहीं होती, बल्कि भीतर से आती है। यह अक्सर हमें प्रेरणा और साहस देती है।

जैसे :- विद्यार्थी को आशा है कि वह परीक्षा में पास होगा।

## अपेक्षा

यह किसी से की गई ठोस उम्मीद होती है। इसमे किसी से निश्चित रूप से कुछ पाने की चाह होती हैं। इसमें अक्सर जवाबदेही जुड़ी होती है यानी जिससे अपेक्षा की जाती है, उससे काम करना ही होगा। अपेक्षा न पूरी होने पर निराशा या शिकायत हो सकती है।

जैसे :- शिक्षक को अपेक्षा है कि विद्यार्थी समय पर गृहकार्य करेंगे।

संक्षेप में :-

- आशा = मन की सकारात्मक उम्मीद (भीतर से आने वाली)
- अपेक्षा = दूसरों से परिणाम की चाह (बाहर से जुड़ी हुई)


कहते है काला रंग अशुभ होता है,
पर स्कूल का वो ब्लैक बोर्ड
लोगो की जिंदगी बदल देता है ..!!
विश्व शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं !
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya




www.teachersofbihar.org